5.मेरा बचपन

https://www.youtube.com/watch?v=rgfRgf-bHPc

https://www.youtube.com/watch?v=YRmVC3xIkHQ

[DD Chandana Samveda Class]

I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

१.अब्दुल कलाम जी का जन्म कहाँ हुआ ?

उत्तर :अब्दुल कलाम जी का जन्मतमिलनाडु के रामेश्वरम में हुआ।

२.अब्दुल कलाम जी बचपन में किस घर में रहते थे ?

उत्तर :अब्दुल कलाम जी बचपन में अपने पुश्तैनी घर में रहते थे।

३.अब्दुल कलाम जी के बचपन में दुर्लभ वस्तु क्या थी ?

उत्तर :अब्दुल कलाम जी के बचपन में दुर्लभ वस्तु पुस्तकें थीं।

४.जैनुलाबदीन ने कौन-सा काम शुरु किया ?

उत्तर :जैनुलाबदीन ने लकड़ी की नौकाएँ बनाने का काम शुरु किया।

५.अब्दुल कलाम जी के चचेरे भाई कौन थे ?

उत्तर :अब्दुल कलाम जी के चचेरे भाई शम्सुद्दीन थे।

II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

१. अब्दुल कलाम का बचपन बहुत ही निश्चिंतता और सादगी में बीतने का कारण लिखिए।

उत्तर : अब्दुल कलाम के पिताजी आडंबरहीन व्यक्ति थे और सभी अनावश्यक एवं ऐशो-आरामवाली चीज़ों से दूर रहते थे। पर घर में सभी आवश्यक चीज़ें समुचित मात्रा में सुलभता से उपलब्ध थीं। इसलिए अब्दुल कलाम का बचपन बहुत ही निश्चिंतता और सादगी में बीता।

२. आशियम्मा जी अब्दुल कलाम को खाने में क्या-क्या देती थीं ?

उत्तर : आशियम्मा जी अब्दुल कलाम के सामने केले का पत्ता बिछातीं और फिर उस पर चावल एवं सुगंधित,स्वादिष्ट सांबार डालती; साथ में घर का बना अचार और नारियल की ताज़ी चटनी भी देती थीं।

३. जैनुलाबदीन नमाज़ के बारे में क्या कहते थे ?

उत्तर :जैनुलाबदीन नमाज़ के बारे में कहते थे कि- 'जब तुम नमाज़ पढ़ते हो तो तुम अपने शरीर से इतर ब्रह्मांड का एक हिस्सा बन जाते हो; जिसमें दौलत,आयु,जाती या धर्म-पंथ का कोई भेदभाव नहीं होता।

४. जैनुलाबदीन ने कौन-सा काम शुरु किया ?

उत्तर :जैनुलाबदीन ने लकड़ी की नौकाएँ बनाने का काम शुरु किया। ये नौकाएँ तीर्थयात्रियों को रामेश्वरम से धनुषकोडि (सेतुक्कराई भी कहा जाता है) तक लाने-ले जाने के काम आती थीं। एक स्थानीय ठेकेदार अहमद जलालुद्दीन के साथ समुद्र तट के पास नौकाएँ बनाने लगे।

III. चार या पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :

१. शम्सुद्दीन अखबारों के वितरण का कार्य कैसे करते थे ?

उत्तर :रामेश्वरम में अखबारों के एकमात्र वितरक थे। अखबार रामेश्वरम स्टेशन पर सुबह की ट्रेन से पहुँचते थे, जो पामबन से आती थी। इस अखबार एजेंसी को अकेले शम्सुद्दीन ही चलाते थे। रामेश्वरम में अखबारों की जुमला एक हज़ार प्रतियाँ बिकती थीं।

IV. इन मुहावरों पर ध्यान दीजिए :

१.पौ फटना = प्रभात होना

२.काम आना = काम में आना, इस्तेमाल होना

V. अन्य वचन रूप लिखिए :

१.बच्चा-बच्ची २.गली-गलियाँ ३.केला-केले ४.नौका-नौकाएँ ५.प्रतियाँ-प्रति ६.पुस्तकें-पुस्तक

VI. विलोम शब्द लिखिए :

१.बहुतxकम

२.शामxसुबह

३.सफलxअसफल

४.अच्छाxबुरा

५.बड़ाxछोटा

६.अपनाxपराया

VII. जोड़कर लिखिए :

A		B		उत्तर
१. मेरे पिता	▶	चचेरे भाई	▶	जैनुलाबदीन
२. मद्रास राज्य	▶	अंतरंग मित्र	▶	तमिलनाडु
३. शम्सुद्दीन	▶	रामानंद शास्त्री	▶	चचेरे भाई
४. अहमद जलालुद्दीन	▶	जैनुलाबदीन	▶	अंतरंग मित्र
५. पक्का दोस्त	▶	तमिलनाडु	▶	रामानंद शास्त्री

VIII. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

१. आशियम्मा उनकी आदर्श जीवनसंगिनी थीं।
२. रामेश्वरम प्रसिद्ध तीर्थस्थल है।
३. पुजारी पक्षी लक्ष्मण शास्त्री मेरे पिताजी के अभिन्न मित्र थे।
४. अखबार एजेंसी को अकेले शम्सुद्दीन ही चलाते थे।
५. अहमद जलालुद्दीन की कलाम की बड़ी बहन ज़ोहरा के साथ शादी हो गई।

IX. अनुरूपता :

१.गाँधीजी : राष्ट्रपिता :: अब्दुल कलाम : राष्ट्रपति
२.जलालुद्दीन : जीजा :: शम्सुद्दीन : चचेरे भाई
३. ट्रेन : भू-यात्रा :: नौका : जल-यात्रा
४. हिंदू : मंदिर :: इस्लाम : मसजिद

X. सही शब्द से खाली स्थान भरिए :

१. अब्दुल कलाम का जन्म रामेश्वरम में हुआ।
अ) चेन्नै आ) बेंगलूरु इ) रामेश्वरम ई) श्रीरंगम
२. रामेश्वरम में प्रतिष्ठित शिव मंदिर है।
अ) विष्णु आ) अय्यप्पा इ) हनुमान ई) शिव
३. जैनुलाबदीन की दिनचर्या पौ फटने के पहले शुरु होती थी।
अ) पौ फटने आ) सूर्यास्त इ) दोपहर ई) शाम
४. अहमद जलालुद्दीन अब्दुल कलाम को आज़ाद कहकर पुकारा करते थे।
अ) अब्दुल आ) आज़ाद इ) राष्ट्रवादी ई) कलाम

XI. वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

जीवन संगिनी - सीतादेवी श्रीराम की आदर्श जीवन संगिनी थीं।

२. पुश्तैनी - अब्दुल कलाम जी बचपन में अपने पुश्तैनी घर में रहते थे।

३. प्रसिद्ध - रामेश्वरम प्रसिद्ध तीर्थेस्थल है।

४. दिनचर्या - हमारी दिनचर्या पौ फटने के पहले शुरु होना चाहिए।

५. संतुष्टि - जिस काम को मन लगाकर करते उससे संतुष्टि मिलता है

XII. पर्यायवाची शब्द लिखिए :

१.घर=मकान

२.बुनियाद=नींव

३.शाम=सायंकाल

४.शरीर=देह

५.दोस्त=मित्र

भाषा ज्ञान

I. उदाहरण के अनुसार प्रेरणार्थक क्रिया शब्दों को लिखिए :

उदा:पढ़ना - पढ़ाना

१. देखना - दिखाना २. सुनना - सुनाना ३. करना - कराना ४. जगना - जगाना

५. भेजना – भिजाना ६. चलना - चलाना ७. बैठना - बिठाना ८. रोना - रुलाना

९. धोना - धुलाना १०. देना - दिलाना

II. उदाहरण के अनुसार प्रेरणार्थक शब्दों की सहायता से पाँच वाक्य बनाइए :

उदा : अध्यापक कहानी सुनाते हैं।

१. छात्र पाठ पढ़ाता है। २. माँ बच्चे को दूध पिलाती है। ३. शिक्षक पाठ पढ़ाते हैं।

४. लड़का हँसाता है। ५. लड़की नृत्य कराती है।